तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025

11 द आर्यन ग्लोबल स्कूल में इंटर हाउस डिस्प्ले...




12 ऑनलाइन डायरी के विरोध में शिक्षकों...



## शहर में आज

- ⏭ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सुबह 10:30 बजे गांव किलोई स्थित बास्केट बॉल अकादमी में तीसरी अखिल भारतीय शिव कुमार स्मृति बास्केट बॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे।
- ⏭ अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- ⏭ रोडवेज कर्मचारियों की बैठक।

### उपायुक्त खड़गटा ने पेयजल किल्लत वाले क्षेत्रों के बारे में ली फीडबैक

# पानी स्टोरेज क्षमता बढ़ाने के लिए तैयार होगा एक्शन प्लान

## उपायुक्त ने एक-एक करके शहरी व ग्रामीण इलाकों के बारे में रिपोर्ट ली

- पेयजल उपलब्धता को लेकर तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश
- संबंधित विभागों को संयुक्त नक्शा तैयार करने के निर्देश
- वाटर स्टोरेज के लिए ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में चिन्हित करें स्थान
- लीकेज की समस्या का समाधान के लिए स्थापित करें नियंत्रण कक्ष

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जिला के शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पानी की स्टोरेज क्षमता बढ़ाने के लिए एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त सायं पेयजल की उपलब्धता को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बैठक में एक-एक करके शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के उन इलाकों के बारे में रिपोर्ट प्राप्त की, जहां पर पानी की किल्लत है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जब तक पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो जाता तब तक संबंधित क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी वैकल्पिक उपाय किए जाएं। उन्होंने सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा नगर निगम के अधिकारियों से अलग-अलग नक्शों के माध्यम से पेयजल के वितरण के बारे में जानकारी ली और दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल वितरण को लेकर उपरोक्त विभाग एक संयुक्त नक्शा तैयार करें ताकि पेयजल की क्षमता बढ़ाने के लिए तुरंत प्रभाव से आगामी कार्रवाई की जा सके। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि नगर के कौन-कौन से क्षेत्र में पेयजल की समस्या है। उपायुक्त ने इस समस्या के समाधान के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली और दिशा निर्देश जारी किए। उल्लेखनीय है कि रोहतक नगर में मौजूदा समय में चार जल घर है और एक अन्य जल घर निर्माणाधीन है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पानी की लीकेज की समस्या का समाधान करने के लिए संबंधित विभाग अलग से नियंत्रण कक्ष बनाकर अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित करें। उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जवाहर लाल नेहरू कैनाल, भालोट डिस्ट्रीब्यूटर ब्रांच व दुल्हेड़ा डिस्ट्रीब्यूटर आदि के बारे में जानकारी ली और दिशा निर्देश जारी किए है। बैठक में सिंचाई, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, बिजली निगम, नगर निगम व राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



### ट्यूबवेल के लिए 25 लाख जारी करेंगे

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि संबंधित क्षेत्र में ट्यूबवेल लगाने के लिए डी प्लान से 25 लाख की राशि जारी की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे स्थान चिन्हित किया जाए जहां पर वाटर स्टोरेज टैंक बनाए जा सकते हैं। इसी प्रकार से उन्होंने जरूरी स्थान पर बूस्टर बनाने के लिए भी स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। शहरी क्षेत्र का जिक्र करते उपायुक्त ने कहा कि कुछ ऐसे क्षेत्र है जिनकी जल आपूर्ति के लिए जल घर को बदला जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### एमआरआईईएम में प्लेसमेंट ड्राइव आज

**रोहतक।** एमआरआईईएम द्वारा 18 अप्रैल को मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, एमबीए तथा बीसीए के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विशेष प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। संस्थान की निदेशक डॉ. मीतू भारती ने कहा यह प्लेसमेंट ड्राइव न केवल छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करती है, बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और नए अवसरों को प्राप्त करने के लिए एक सशक्त मंच भी प्रदान करती है। छात्रों को निर्धारित यूनिफॉर्म और पहचान पत्र के साथ आना अनिवार्य है तथा अपने रिज़्यूमे की दो प्रतियां, मूल एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज़ साथ लाने होंगे।

### बास्केट बॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार सुबह साढ़े 10 बजे गांव किलोई स्थित बास्केट बॉल अकादमी में तीसरी अखिल भारतीय शिव कुमार मैमोरियल बास्केट बॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री बास्केट बॉल टूर्नामेंट के शुभारंभ समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

### पंजाबी रामा क्लब में हवन व भंडारा 20 को

**महम।** पंजाबी रामा क्लब महम में रविवार 20 अप्रैल को राजा खुराना की याद में हवन व भंडारा आयोजित किया जाएगा। राजा खुराना मैमोरियल सोसाइटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह 10 बजे हवन होगा और दोपहर 12 बजे भंडारा लगाया जाएगा।

### मदवि : प्रेक्टिकल की परीक्षाएं 25 से होंगी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने यूजी/पीजी पाठ्यक्रमों की प्रेक्टिकल की परीक्षाएं 25 अप्रैल से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि यूजी/पीजी पाठ्यक्रमों (यूजी/पीजी एनईपी 2020 प्रोग्राम्स समेत) की प्रेक्टिकल की परीक्षाएं 25 अप्रैल से 6 मई 2025 तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रेक्टिकल परीक्षाओं की डेटशीट समेत अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### 40 प्रतिशत कार्य पूरा, जल्द गार्डर व स्लैब डालने का कार्य होगा शुरू

# शहर को दिसंबर से पहले सुखपुरा चौक फ्लाईओवर की सौगात मिलेगी

- 60 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के सुखपुरा चौक पर अक्सर लगने वाली वाहनों की लंबी कतार से दिसंबर 2025 तक राहत मिलने वाली है। फ्लाईओवर का 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जल्द ही गार्डर लांच, स्लैब डालने और नीचे की बनने वाली सड़क का निर्माण भी किया जाएगा। फिलहाल आसपास के लोगों को परेशानी का सामना जरूर करना पड़ रहा है। लेकिन जल्द ही राहत मिलने के बाद उन्हें काफी दिक्कतों से छुटकारा भी मिल जाएगा। 60 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। यह करीब 1200 मीटर लंबा होगा। प्रशासन ने व्यवस्था बनाने के लिए भारी वाहनों को राजीव गांधी स्टेडियम की ओर से घूम कर जाने के लिए रूट प्लान बनाया हुआ है। पुल निर्माण के बाद पंजाब, जींद, हिसार, सिरसा, दिल्ली, सोनीपत आने जाने वाले वाहनों को जाम से मुक्ति मिल जाएगी। शहर के सुखपुरा चौक पर फ्लाईओवर निर्माण के कार्य को छह माह से ऊपर का समय हो गया है। यह काम डेढ़ साल में पूरा होगा। प्रशासन ने व्यवस्था बनाने के लिए भारी वाहनों का रूट डायवर्ट किया हुआ है। इसके तहत अब वाहन राजीव गांधी खेल परिसर के नीचे से घूम कर आ रहे हैं। दो पहिया वाहनों ने अपनी वहीं से जगह बना रखी है। ताकि वह कम समय में आसानी से अपने घरों तक पहुंच सकें। ऐसे में वह गलियों से भी घुमाकर अपने घरों की तरफ चले जाते हैं। फिलहाल आवागमन कम होने से व्यापार पर प्रभाव पड़ा है। दुकानों के अंदर धूल जमी रहती है। बहुत बार पानी का छिड़काव न होने से परेशान होना पड़ता है।


**रोहतक।** सुखपुरा चौक के पास निर्माणाधीन पुल।

### गार्डर लांच होने के बाद रफ्तार पकड़ेगा निर्माण कार्य

किसी भी फ्लाईओवर पर गार्डर लांच होने के बाद उसका 60 प्रतिशत से ऊपर कार्य पूरा हो जाता है। उसके बाद निर्माण कार्य भी अपनी गति पकड़ लेता है। ऐसे में आसपास रिहायशी इलाका होने के कारण आमजन को आवागमन में समस्या तो है ही। वह भी इसके जल्द निर्माण का इंतजार कर रहे है। क्योंकि उन्हें बस स्टैंड पर आने के लिए भी काफी गलियों से घूमकर आना पड़ता है। इसी के चलते उन्हें भी निर्माण कार्य पूरा होने की जल्दी है।

### लोगों को मिलेगी सुविधा

फिलहाल फ्लाईओवर का 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। निर्माण कार्य अभी जारी है। समय दिसंबर 2025 तक का है, लेकिन इसे दिसंबर माह से पहले ही पूरा कर दिया जाएगा। सम्बंधित अधिकारियों को कार्य जल्द करवाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जल्द ही गार्डर लांच व स्लैब डालने का काम शुरू किया जाएगा। पुल का निर्माण होने के बाद आमजन को काफी सुविधा मिलेगी।
*उदयवीर झांझरियां, कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग*

### इस तरह रूट डायवर्ट

बस स्टैंड व शीला बाईपास की तरफ से आने वाले बाहरी वाहनों को टी प्वाइंट बस अड्डा से डायवर्ट किया है। ये वाहन राजीव गांधी खेल परिसर होते हुए लाढौत चौक, गोहाना चौक होते हुए जींद बाईपास की तरफ से अपने गंतव्य की तरफ रवाना होंगे। इसी प्रकार जींद बाईपास की तरफ से आने वाले वाहन गोहाना गोल चक्कर से सनसिटी रोड पहुंचते हैं। सनसिटी रोड से राजीव गांधी खेल परिसर के सामने से बस स्टैंड टी प्वाइंट होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं।

## पीजीआईएमएस के पुस्तकालय को बनाया परीक्षा केंद्र, पढ़ाई प्रभावित

**रोहतक।** पीजीआईएमएस में छात्रों के पढ़ने के लिए एकमात्र पुस्तकालय है। जिसे अब परीक्षा केंद्र बना दिया गया है। इसके कारण पुस्तकालय को महीने में 15 से 20 दिन बंद रखा जा रहा है। इससे पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

छात्रों को पढ़ने के लिए बाहर निजी लाईब्रेरी में अतिरिक्त रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। पीजीआईएमएस में परीक्षा के लिए चार हॉल बनाए गए हैं जिसने काफी समय से परीक्षा हो रही थी, लेकिन पेपर लिक होने के बाद से इनका प्रयोग नहीं किया जा रहा। विश्वविद्यालय में मेडिकल कोर्सों की परीक्षा साल भर चलती रहती है। परीक्षा के दिनों में छात्रों के लिए पुस्तकालय के द्वार बंद कर दिए जाते हैं। इसके कारण छात्रों को पुस्तकालय की फीस भरने के बाद भी सुविधा से वंचित रखा जा रहा है। छात्रों को स्वयं की परीक्षा के दौरान भी पुस्तकालय में नहीं पढ़ने दिया जा रहा।




### एसो के सदस्यों ने किया विरोध

स्नातक छात्र इंटर्न एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया छात्रों की ओर से इसकों लेकर प्रशासन से बार-बार मांग उठाई जा रही है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। उलटा संस्थान के प्रशासन की ओर से छात्रों को कहा जा रहा है, कि यह संस्थान की ओर से अतिरिक्त सुविधा थी जो अब जरूरत पड़ने पर वापस ले ली गई है, जबकि छात्र पुस्तकालय के लिए फीस भर रहे हैं।

## नगर निगम हाउस की मीटिंग 22 को होगी, पार्षदों से मांगे एजेंडे

**रोहतक।** नगर निगम हाउस की पहली मीटिंग 22 अप्रैल को होगी। इसके लिए नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने पत्र जारी किया है जिसे मेयर रामअवतार वाल्मीकि सहित सभी पार्षदों और अन्य अधिकारियों को भेजा गया है। पत्र के माध्यम से पार्षदों से अपने-अपने वार्ड के एजेंडें और समस्याओं की जानकारी मांगी गई है ताकि उनका समाधान करवाया जा सके। मीटिंग में पेयजल समस्या, सीवरेज समस्या, जर्जर सड़कों, बिजली की समस्या, बाढ़ राहत कार्य और विकास कार्यों पर चर्चा होगी। गौरतलब है कि विगत 9 अप्रैल को निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह और मेयर रामअवतार वाल्मीकि की अध्यक्षता में विकास सदन में मीटिंग बुलाई गई थी। यह मीटिंग बजट के लिए थी, जिसमें बजट पास कर सरकार के पास भेजा गया था। इस मीटिंग में पार्षदों ने अपने अपने वार्ड की समस्याएं गिनानी शुरू कर कर दी थी, जिसके बाद अब हाउस की मीटिंग बुलाई जा रही है।

## युवकों पर फायरिंग के मामले में हत्या की वारदात में आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- वारदात में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है

सीआईए-2 की टीम ने धामड़ निवासी युवकों पर हुई फॉयरिंग व गोली लगने से दौरान मनीष की हुई मौत के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड दिया। रिमांड अवधि समाप्त होने पर आरोपी को न्यायिक हिरासत भेजा। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि 8 फरवरी को सूचना मिली कि रिठाल नहर पुल पर गोलियां चली है व घायलों को पोजीट्रॉन अस्पताल ले जाया गया है। गोली लगने से घायल हुए युवकों की पहचान सौरभ व मनीष निवासी गण धामड़ के रुप में हुई। डॉक्टरों की टीम द्वारा मनीष को रैफर हाईयर सेंटर व सौरभ को पीजीआईएमएस रोहतक रैफर किया गया। 11 फरवरी को उपचार के दौरान मनीष की मौत हो गई। सौरभ की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सदर थाना में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी थी। जांच में सामने 8 फरवरी को दोपहर करीब साढ़े 3 बजे सौरभ व मनीष अपने गांव से रिठाल पुल पर जेएनएल नहर से पानी लेने गए। मनीष व सौरभ नहर पर पहुंचे तो वहां पर पहले से 3 गांडिया खड़ थी। जिनमे मनदीप, आशीष, साहिल, रवि, रोहन, दीपक व अन्य युवक थे। युवकों ने अपने हाथ में ली हुई पिस्तौल से सौरव व मनीष पर जान से मारने की नियत से अंधाधुंध गोलियां चला दीं। मनीष व सौरभ को गोलियां लगी। जांच के दौरान 16 अप्रैल को आरोपी रवि निवासी धामड़ को प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ़्तार किया गया है। वारदात में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### आरोपियों ने लोहे के पाइप से जानलेवा हमला किया था

## टिटौली के देवव्रत हत्या हमले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने टिटौली निवासी देवव्रत की हत्या की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। अज्ञात आरोपियों द्वारा देवव्रत पर लोहे के पाइप से जानलेवा हमला किया गया था। हमले के दौरान लगी चोटो के कारण दौरान ईलाज देवव्रत की मौत हो गई। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सदर थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि 17 मार्च को टिटौली निवासी देवव्रत की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 17 मार्च को देवव्रत अपनी मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर जा रहा था। सुबह करीब 8 बजे देवव्रत अपने गांव के बाहर बनी नहर के पास पहुंचा तो एक टाटा नेकसोन कार ने जान से मारने की नीयत से कार चढ़ाने की कोशिश की। देवव्रत ने अपना बचाव किया और मोटरसाइकिल मिट्टी के ढेर पर जा गिरी। कार से 5-6 युवक हाथों में लोहे के पाइप व पिस्तौल सहित बाहर आए। देवव्रत खेतों की तरफ भागने लगा। युवकों ने देवव्रत को घेर लिया और लोहे के पाइपों से देवव्रत के पैरों पर वार कर दोनों टागे तोड़ दी। शोर सुनकर भीड़ इक्ठ्ठा होते देख युवक मौके से फरार हो गए। देवव्रत को इलाज के लिए पीजीआईएमएस में भर्ती कराया गया। 23 मार्च को देवव्रत की मौत हो गई। 24 मार्च को देवव्रत के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जांच में हत्या की धारा जोडी गई। वारदात में आरोपी प्रशांत उर्फ पुष्कर निवासी ब्राहमणवास को गिरफ्तार किया गया। वारदात में शामिल रहे 5 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।



- वारदात में शामिल रहे 5 आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका

### वारदात का खुलासा

जांच में सामने आया कि करीब 2 साल पहले होली के दिन सुरेंद्र व सुरेंद्र के भाई देवेंद्र उर्फ काला का देवव्रत के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी दौरान देवेंद्र उर्फ काला ने गांव मे नया घर बनाया था जिसको बेच कर देवेंद्र शहर में रहने लगा। पंचायती तौर पर झगड़े को लेकर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। दोनों पक्षों की तरफ से पुलिस में मामला दर्ज नहीं कराया गया। देवेंद्र जब भी गांव जाता तो दोनों पक्षों में तनाव रहता था। इसी तनाव के चलते सुरेंद्र, देवेंद्र ने अन्य युवकों के साथ मिलकर देवव्रत पर हमला करने की वारदात को अंजाम दिया।



## ओल्ड हाउसिंग बोर्ड में गंदे पानी की सप्लाई, एडीसी को की शिकायत

**रोहतक।** ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में गंदे पानी की सप्लाई की जा रही है। जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वीरवार को कॉलोनी निवासियों ने समाधान शिविर में एडीसी को शिकायत की। अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से जेई मयंक को आदेश जारी किए कि समस्या का समाधान होना चाहिए। समाजसेवी जसबीर कुमार , सरल, सुरेश, सरिता, सुनीता, मदनलाल, जसवंती, बाबूराम, सीमा, स्नेहा, पूनम व कविता अधिकारियों से मिलने पहुंचे।

### निगम आयुक्त ने पहरावर गौशाला का किया निरीक्षण, दिए निर्देश


# चारा-पानी में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने वीरवार को पहरावर गौशाला का निरीक्षण किया और यहां की व्यवस्था की जांच की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि गोवंश के चारा-पानी में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। निगम द्वारा शहर से बेसहारा गोवंश को पकड़ाकर निगम की गौशाला में छोड़ा जा रहा है। वर्तमान में लगभग 2900 गोवंश शाला में हैं जिनकी देखरेख का कार्य नगर निगम द्वारा ही करवाया जा रहा है। गौशाला में छोड़े जा रहे गोवंश का पूर्ण रिकार्ड तैयार किया गया है तथा समय-समय पर सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्था को जांचा जाता है। निगम की टीम व पशुपालन विभाग की टीम द्वारा पहरावर गौशाला में पशुओ की टैगिंग का कार्य करवाया जा रहा है। इस संदर्भ में आदेश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द गोवंश की टैगिंक का कार्य पूर्ण करवाया जाए।

### वर्तमान में लगभग गोशाला में 2900 गोवंश



### गोवंश को खुले में न छोड़े

निगम गौशाला के गोवंश के लिए सभी टैग संतरिया रंग के हैं और सभी टैग पर नम्बर व निगम की पहचान बनवाई गई है ताकि निगम द्वारा पकड़े गए गोवंश की अलग से पहचान की जा सके। आमजन से अपील हैं कि वे गोवंश को खुले में न छोड़े क्योकि इससे दुर्घटना होने की संभावना रहती हैं व आमजन को भी असुविधा होती हैं। जो व्यक्ति गोवंश को खुले में छोड़ देते हैं, ऐसे गोवंश को भी निगम द्वारा पकड़कर पहरवार गौशाला में छोड़ा जाएगा पकड़े गए गोवंश वापिस नहीं लौटाए जाएंगें। गोशाला निरीक्षण के दौरान भू-अधिकारी संदीप बतरा संदीप व परमेश पटवारी आदि उपस्थित रहे।

बच्चो, क्या तुम जानते हो हम सब जिस पृथ्वी पर रहते हैं, वो कितनी विविधताओं से भरी हुई है? इसकी विविधताएं ही इसे सौर मंडल का सबसे अनूठा ग्रह बनाती है। लेकिन हम इंसानों की लापरवाही से इस पर कई तरह के संकट बढ़ रहे हैं, इसका स्वरूप बिगड़ रहा है। हमारी धरती हमेशा हरी-भरी रहे, इसके लिए हमें जागरूक होना होगा।

# हमेशा हरी-भरी रहे हमारी पृथ्वी







जागरूकता

देवेंद्र मेवाड़ी

बच्चो, पृथ्वी के बारे में हम तुम्हें कुछ रोचक बातें बताएं, इससे पहले आओ, जरा आसमान से अपनी प्यारी पृथ्वी पर नजर डालते हैं। देखें तो सही वहां से यह कैसी दिखती है? ओह, दूर अंधेरे में कितनी सुंदर लगती है हमारी प्यारी पृथ्वी! चमकीला नीला गोला, उस पर फैले घुंघराले श्वेत बादल, नीचे भूरे, हरे, हल्के पीले महाद्वीप, बर्फ से ढंके उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव। नील मणि-सी चमकती मां पृथ्वी का यह नीला रंग इसके विशाल नीले महासागरों के कारण दिखाई देता है।

## विविधताओं से भरी

हमारे प्राचीन ग्रंथों में पृथ्वी को मां कहा गया है। सूर्य से दूरी के हिसाब से यह सौर मंडल का तीसरा ग्रह है। यह एक मात्र ऐसा ग्रह है, जिस पर जीवन है। हमारी पृथ्वी अपने आप में बहुत-सी विविधताओं को समेटे हुए है। इसमें कहीं ऊंची पर्वतमालाएं हैं तो कहीं दूर-दूर तक फैले मैदान, कहीं गहरी घाटियां हैं तो कहीं विशाल रेगिस्तान। कहीं हरे-भरे जंगल, तो कहीं विशाल दलदल। कहीं सदानीरा नदियां बहती



हैं तो कहीं ऊंचे पहाड़ों से छल-छल झरने गिरते हैं। कहीं भीषण गर्मी पड़ती है तो कहीं कड़ाके की सर्दी। कहीं घनघोर वर्षा होती है तो कहीं बारिश का नामो-निशान नहीं होता।

## इसलिए मौसम में होती है भिन्नता

हमारी पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। साथ ही यह लगातार घूमती रहती है। जब यह अपनी धुरी पर घूमती है तो घूमते हुए लट्टू की तरह अंडाकार कक्षा में सूर्य की परिक्रमा भी करती है। इस सब का नतीजा यह होता है कि पृथ्वी के हर हिस्से पर साल भर सूर्य की रोशनी एक समान नहीं पड़ती। इसीलिए पृथ्वी की भूमध्य रेखा के आस-पास के हिस्सों में मौसम बेहद गर्म होता है। ज्यों-ज्यों हम उत्तर या दक्षिण की ओर बढ़ते हैं तो तपन कम होने



लगती है और मौसम ठंडा लगने लगता है। और ध्रुवों पर तो तापमान न्यूनतम हो जाता है। ये हमारी पृथ्वी की जलवायु के विविध रंग हैं।

## बिगड़ रहा है ऋतु चक्र

आज से कुछ दशक पहले तक अपने सही समय पर ऋतुएं बदलती थीं। समय पर वसंत आता था। मई-जून में गर्मी पड़ती थी, फिर वर्षा ऋतु आती थी। उसके बाद हेमंत ऋतु और फिर शीत ऋतु की ठिठुरन शुरू हो जाती थी। ऋतुओं के हिसाब से किसान खेती करते थे, बोआई और कटाई के उत्सव मनाते थे। पशु-पक्षी भी ऋतुओं के हिसाब से अपनी लंबी प्रवास यात्राएं करते थे या ठंडे प्रदेशों में गुफाओं, कोटरों और बिलों में सो जाते थे। नन्हीं तितलियां वसंत के इंतजार में प्यूपा बन कर किसी टहनी, चट्टान



या दीवार से लटक जाती थीं कि वसंत आएगा और वे पंख फड़फड़ा कर मधु और पराग चूसने के लिए फूलों के पास पहुंच जाएंगी। नदियां कल-कल बहा करती थीं, हरे-भरे जंगल ठंडी बयार बहाकर हमारी सांसों के लिए भरपूर मात्रा में प्राणवायु ऑक्सीजन दिया करते थे। जलवायु के साथ हर जीवधारी का संबंध हुआ करता था। लेकिन अब यह संबंध भी गड़बड़ा गया है। वसंत समय पर नहीं आता तो फूल भी समय पर नहीं खिलते। बेमौसम और असमान रूप से बरसात होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन होने से मौसम में ये परिवर्तन हो रहे हैं। हम इंसानों की लापरवाही से ही पृथ्वी का प्राकृतिक स्वरूप और इसकी जलवायु बिगड़ रही है।

## हम निभाएं अपनी जिम्मेदारी



पृथ्वी को इन तमाम संकटों से बचाने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। बच्चो, इसमें सबसे बड़ी भूमिका तुम्हारी होगी। तुम ही देश, दुनिया के भविष्य हो। तुम्हें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, इस प्यारी पृथ्वी पर हरियाली बढ़ानी होगी। जल, थल और वायुमंडल को साफ रखना होगा। तभी यह प्यारी-निराली पृथ्वी रहने लायक रहेगी। *

## चिंताजनक है ग्लोबल वार्मिंग



**प्रकृति में** आए परिवर्तन की वजह यह है कि विकास की एक ऐसी अंधी दौड़ शुरू हो गई है कि हर कहीं पेड़ों के जंगल के बजाय कंकरीट के जंगल (ढेरों मकान, भवन और ऊंची इमारतें) खड़े होने लगे हैं। हरे-भरे जंगल कटने लगे हैं और शहर फैलने लगे हैं। हम लोग यह भूल गए कि पेड़-पौधों और हरे-भरे जंगलों से ही हमें सांसें मिलती हैं। हम उनकी बनाई प्राणवायु ऑक्सीजन में ही सांस लेकर जीवित रहते हैं। इसीलिए प्रकृति ने हमारे लिए हवा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों की ठीक उतनी ही मात्रा रखी थी, जितनी हमारे सांस लेने के लिए जरूरी थी। लेकिन हरे-भरे जंगल कटने, शहरों के फैलने, सड़कों पर लाखों गाड़ियों के पेट्रोल से उत्पन्न होने वाले धुएं से हर साल लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में पहुंचने लगी। इससे वायुमंडल में प्रकृति द्वारा तय किया गया गैसों का अनुपात गड़बड़ा गया। परिणाम यह हुआ कि पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक इसे वैश्विक तपन या ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। इस तपन के कारण ध्रुवों की बर्फ पिघल रही है और ग्लेशियर भी पिघल कर सिकुड़ते जा रहे हैं। तापमान इसी तरह बढ़ता गया तो सागरों में पानी का स्तर बढ़ने से सागरतटों पर बसे शहरों के डूबने का खतरा पैदा हो जाएगा। पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का संकट बढ़ता जा रहा है। इसे रोकना होगा।

यह भी जानो / शिखर चंद जैन

# बहुत अनूठी हैं पृथ्वी की विशेषताएं



बच्चो, पृथ्वी (अर्थ) हमारे सौर मंडल का एकमात्र ग्रह है, जिस पर जीवन है। मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु सभी इस पृथ्वी पर रहते हैं। हमारी पृथ्वी के अलावा बाकी कुछ ग्रहों पर जीवन होने की संभावनाएं तो जताई गई हैं, लेकिन अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस लिहाज से पृथ्वी सौर मंडल के अन्य ग्रहों से अलग-अनूठी है।

**कितनी पुरानी है पृथ्वी:** विभिन्न वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। नेशनल सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन के वैज्ञानिकों ने चट्टानों और उल्कापिंडों की कार्बन-डेटिंग (प्राचीन वस्तुओं की उम्र पता लगाने की वैज्ञानिक विधि) करके इस अनुमानित आयु का पता लगाया है। हजारों साल तक मनुष्य यह मानता रहा कि पृथ्वी, ब्रह्मांड का केंद्र है। बाद में पता चला कि सूर्य, हमारे सौर मंडल





के केंद्र में है और पृथ्वी समेत अन्य ग्रह उसके चारों ओर चक्कर लगाते हैं।

**पांचवां सबसे बड़ा ग्रह:** पृथ्वी की भूमध्यरेखीय त्रिज्या (इक्वेटोरियल रेडियस) लगभग 6,378 किलोमीटर और व्यास (डायमीटर) लगभग 12,756 किलोमीटर है, जबकि इसकी ध्रुवीय त्रिज्या (पोलर रेडियस) लगभग 6,357 किमी और व्यास लगभग 12,714 किमी है। पृथ्वी हमारे सौर मंडल का पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।

**पृथ्वी की परतें:** परतों (लेयर्स) की बात करें, तो हमारी पृथ्वी को मुख्य रूप से तीन परतों में बांटा गया है- कोर, मेंटल और क्रस्ट। कोर पृथ्वी का सबसे आंतरिक भाग होता है। पृथ्वी के मध्य भाग को मेंटल कहते हैं, जबकि पृथ्वी के सबसे ऊपरी परत को क्रस्ट कहते हैं। क्रस्ट ही वह हिस्सा है, जिस पर मानव जीवन का अस्तित्व है।

**लगातार गतिशील है पृथ्वी:** बच्चो, हमारी पृथ्वी दो तरीके से गति करती है-घूर्णन (रोटेशन) और परिक्रमण (रिवॉल्यूशन)।

पृथ्वी अपने अक्ष (धुरी) पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी को अपना एक घूर्णन पूरा करने में लगभग 24 घंटे का समय लगता है। अपने अक्ष पर लगातार घूमते रहने के कारण ही पृथ्वी पर दिन और रात होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग 1667 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से घूमती है। घूर्णन के अलावा हमारी पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक दीर्घ वृत्ताकार (एलिप्टिकल) कक्षा में चक्कर भी लगाती है, जिसे परिक्रमण कहा जाता है। यह सूर्य के चारों ओर लगभग 1,07,226 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चक्कर लगाती है। सूर्य का एक चक्कर लगाने में पृथ्वी को 365.25 दिन का समय लगता है। परिक्रमण गति के कारण ही हमारी पृथ्वी पर ऋतु/मौसम परिवर्तन होता है।

**पानी का भंडार:** पृथ्वी पर जल का अथाह भंडार है। इसकी सतह का 71 प्रतिशत हिस्सा तो पानी से ही ढंका है। सिर्फ 29 प्रतिशत हिस्सा ही भूमि है। इस पानी में से केवल 3 प्रतिशत पानी ही मीठा/ताजा यानी अलवणीय और पीने योग्य है। बाकी 97 प्रतिशत पानी खारा है। पृथ्वी का लगभग 90 प्रतिशत ताजा पानी अंटार्कटिका की ध्रुवीय बर्फ के रूप में जमा हुआ है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्यारी-मनोरंजक कहानियां



बच्चो, बांग्ला भाषा की प्रसिद्ध लेखिका जया मित्र की बाल-कहानियों की किताब 'चार-पांच दोस्त' का हिंदी अनुवाद हाल में ही प्रकाशित होकर आया है। इसका अनुवाद किया है कल्लोल चक्रवर्ती ने। इसमें कुल चौदह कहानियां और एक नाटक संकलित है। इन कहानियों में बाग-बगीचे, फूलों वाले पेड़, नदी, पहाड़, जंगल, बारिश, चिड़िया, तितली आदि मौजूद हैं। इनके साथ नन्हे बच्चों की खिलंदड़ी हरकतें मन को लुभाती हैं। हम सभी के जीवन में प्रकृति की कितनी महत्ता है, इसे बड़े सरल ढंग से ये कहानियां बताती हैं। 'चार-पांच दोस्त', दो चिड़िया चड़ुआ-बड़ुआ, दो नन्ही बच्चियों रिया-पियाल और एक छोटे लड़के गौतम की प्यारी-सी कहानी है। 'उस बार पहाड़ में' और 'तितलियों का गांव' समेत सभी कहानियां तुम्हें अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** चार-पांच दोस्त, **लेखिका:** जया मित्र, **अनुवाद:** कल्लोल चक्रवर्ती, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले




**चिंटू :** अगर मिस्टर बीन सो जाए, तो हम उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंटू :** पता नहीं। तुम्हीं बता दो, क्या कहेंगे?
**चिंटू :** सोयाबीन।
-रमन, रायपुर

**पापा :** आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से बीस नंबर कम।
**पापा :** अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
**सोनू :** बीस नंबर।
-अमन, बिलासपुर

**कंप्यूटर टीचर :** कंप्यूटर चलाने के लिए तुम्हें सबसे पहले ढंग से माउस पकड़ना आना चाहिए।
**रोहित :** लेकिन सर, माउस को तो बिल्लियां पकड़ती हैं।
-दीक्षा, रोहतक

## जीके क्विज-150

1. पहला 'पृथ्वी दिवस' किस वर्ष मनाया गया था?
2. 'पृथ्वी दिवस' मनाने की शुरुआत का श्रेय किसे जाता है?
3. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी ने आइपीएल क्रिकेट में एक हजार बाउंड्रीज (चौके और छक्के) लगाने का रिकॉर्ड बनाया?
4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को किस देश में 'सिटी की ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया?
5. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
6. दुनिया में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान कौन-सा है?
7. किस भारतीय शहर को 'द सिटी ऑफ पैलेस' कहा जाता है?
8. लोकनायक के नाम से किन्हें जाना जाता है?
9. भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर का पहला माह कौन सा है?
10. केरल की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-150 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-149 का उत्तर :** 1.बिहार, 2.राजनाथ सिंह, 3.चंडीगढ़, 4.पोरबंदर (गुजरात), 5.प्रशांत महासागर, 6.कोलकाता में, 7.वेटिकन सिटी, 8.अकबर, 9.के-2, 10.हरिवंश राय बच्चन

**जीके क्विज-149 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, सुमन-रायपुर, संकेत-बिलासपुर, आर्यन-रोहतक, प्रज्ञा-धमतरी, राहुल-बालोद, प्रिया-महासमुंद, गौतम-दिल्ली, कनक-बलौदा बाजार, त्रिशा-राजनांदगांव



कहानी

मंजरी शुक्ला

अबीर अपने मामा जी और दोस्त हर्षित के साथ पिकनिक मनाने के इरादे से नदी किनारे आया। लेकिन तीनों नदी के आस-पास का नजारा देखकर दुखी हो गए। असल में वहां गंदगी बहुत थी। तो क्या तीनों पिकनिक का इरादा छोड़कर वापस लौट गए या वहां कुछ अनहोनी हो गई?

# मुस्कुरा उठी नदी



'तुम्हारे मामा इतनी दूर से तुमसे मिलने आए हुए हैं और तुम अपने कमरे में बैठे हुए हो!' मामा जी यह कहते हुए एकाएक अबीर के सामने आकर खड़े हो गए।

अबीर खुशी से उनसे लिपट गया, 'अरे! आप कब आ गए मामाजी?' 'आया तो अभी हूं। आज हम नदी किनारे पिकनिक मनाने चलेंगे।' मामा जी अबीर के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोले।

अबीर तुरंत बोला, 'मामा जी, मैं अपने दोस्त हर्षित के घर जाकर उसे भी ले आता हूं। वह भी हमारे साथ पिकनिक मनाने चलेगा।' थोड़ी ही देर बाद मामा जी के साथ कार में बैठकर अबीर और हर्षित पिकनिक के लिए निकल गए। दोनों मजे से मामा जी से बात करते हुए चले जा रहे थे। मामा जी ने बताया, 'मेरे गांव में नदी का पानी इतना स्वच्छ और निर्मल रहता है कि सभी लोग नदी के पास किसी घने पेड़ के नीचे बैठकर अपना सुख-दुःख बांटते हैं, प्रकृति के करीब काफी समय बिताते हैं फिर शाम तक घर लौटते हैं।'

अबीर बोला, 'अच्छा! मामा जी इसी तरह की और बातें भी हमें बताएं ना!' मामा जी ने अपने बचपन की यादों का पिटारा खोल दिया। बातों ही बातों में न जाने कितना समय निकल गया, कुछ पता ही नहीं चला।

तभी हर्षित खुशी से चिल्लाया, 'ठंडी हवा आने लगी है, मतलब हम नदी के पास पहुंच गए हैं।' मामा जी ने एक जगह रुक कर गाड़ी लॉक की और बोले, 'आज हम लोगों को बहुत मजा आएगा।' 'यहां तो एक अजीब-सी बदबू आ रही है।' अबीर ने नाक पर हाथ रखते हुए कहा। थोड़ा आगे बढ़े तो हर्षित बोला, 'लग रहा है यहां पर लोग पिकनिक मनाने नहीं बल्कि अपने घर का कूड़ा डालने के लिए आए हैं।' 'वह आंटी तो पूरा बैग भरकर प्लास्टिक और अगरबत्ती के पैकेट नदी के अंदर डाल रही हैं।' मामा जी उस ओर इशारे करते हुए बोले। 'चारों तरफ चिप्स और बिस्किट के पैकेट बिखरे पड़े हुए हैं।' हर्षित धीरे से बोला।

'हम लोग कहीं और चलकर पिकनिक मनाते हैं।' अबीर मुंह बनाते हुए बोला। हर्षित ने भी सहमति जताई, 'अबीर सही कह रहा है। हम इतनी गंदी जगह बैठ कर पिकनिक नहीं मनाएंगे। यहां बैठकर खाना-पीना दूभर हो जाएगा।'

लेकिन मामा जी तो अपने आप में खोए हुए एकटक नदी की तरफ देखे जा रहे थे। कुछ देर बाद वह बोले, 'यही नदी हमारे गांव तक भी जाती है। वहां इसका पानी इतना साफ होता है कि तुम्हें गहरे पानी की मछलियां भी तैरती हुई साफ नजर आएंगी। सच बात तो यह है कि नदी गंदी नहीं होती है। हम इंसान मिलकर उसे गंदा या साफ बनाते हैं।'

'पर हम कर भी क्या सकते हैं? अगर हम इन लोगों को समझाएंगे तो क्या ये हमारी बात सुनेंगे?' अबीर दुखी स्वर में बोला। अबीर की बात सुनकर मामा जी ने इधर-उधर देखा। वहां पर खड़ी पुलिस की एक गाड़ी पर उनकी नजर पड़ी। वह तेजी से गाड़ी की ओर बढ़ गए। हर्षित डर गया और अबीर से बोला, 'अब तो पुलिस वाले मामा जी को पकड़ लेंगे।'

'तू थोड़ा कम डरा कर।' अबीर अपने दोस्त हर्षित के गाल पर चपत मारते हुए बोला।

मामा जी जब बहुत देर तक पुलिस वालों से कुछ बात करते रहे तो हर्षित से न रहा गया, बोला, 'लगता है पुलिस वालों से मामा जी की बहस हो रही है। चलो, चलकर उन्हें बचाते हैं।'

एक ही पल बाद मामा जी पुलिस इंस्पेक्टर और उसके तीन सिपाहियों के साथ एक दूसरी ओर जाते हुए दिखे। सभी उन लोगों के पास पहुंचे, जो नदी में और उसके आस-पास गंदगी फैला रहे थे। सिपाहियों ने उन लोगों से न जाने क्या कहा कि उनकी बात सुनते ही सभी के चेहरों पर हवाइयां उड़ने लगीं। सबने तुरंत सारा कूड़ा उठाकर मैदान में एक ओर लगे कचरे के डिब्बों में फेंक दिया। कुछ लोग तो अपने आप नदी के किनारे से प्लास्टिक की बोतलें वगैरह उठाकर कूड़े के डिब्बों में डालने लगे, जो उन्होंने फेंकी भी नहीं थी। देखते ही देखते वहां सब साफ-सुथरा नजर आने लगा।

मामा जी एक पेड़ की छांव के नीचे खड़े होकर हंसते हुए बोले, 'तो अब इस स्वच्छ जगह पर बिछा लें हम लोग अपनी चटाई और शुरू करें पेट पूजा?' लेकिन अबीर मामा जी का हाथ पकड़ते हुए बोला, 'पहले आप बताएं कि आपने उन पुलिस वालों से क्या कहा?' 'जब मैंने पुलिस वालों को बताया कि नदी इतनी गंदी हो रही है, इसका पानी काला हो रहा है तो उन्होंने कहा कि हम तो बहुत मना करते हैं पर कोई मानता ही नहीं है।' 'फिर आपने क्या कहा?' हर्षित ने उत्सुकता से पूछा। 'तो मैंने कहा कि आप उनसे यह क्यों नहीं बताते कि यही पानी, प्रोसेस होने के बाद नलों के द्वारा उनके घरों तक जाता है।' मामा जी गंभीर स्वर में बोले। अबीर ने मासूमियत से पूछा, 'तो क्या सचमुच इस नदी का ही पानी हमारे घरों में आता है?'

'और क्या, तुम्हारे घर की पानी की टंकी को भरने के लिए क्या हर बार बरसात होगी?' मामा जी ने हंसते हुए कहा। मामा जी के साथ अबीर और हर्षित भी हंस पड़े। तीनों ने पेड़ की छांव में बहती ठंडी हवा में अपने साथ लाए भोजन का मजा लिया। जब वहां से उठने लगे तो मामा जी ने ध्यान दिया कि लोग खाना खाकर प्लास्टिक और डिस्पोजेबल प्लेट नदी में नहीं फेंक रहे थे बल्कि अपने साथ लाए थैलों में रख रहे थे।

मामा जी ने नदी की तरफ बहुत ही प्यार से देखा और खुशी के मारे अपनी नम आंखें पोंछ लीं। उन्हें लगा जैसे नदी मुस्कुरा रही है। नदी को लग रहा है कि वो अब हमेशा स्वच्छ-निर्मल रहेगी। *

कविता

देवी प्रसाद गौड़



## धरती मां हम सबकी मां है

प्राण पले जिसकी गोदी में,
उस पृथ्वी को शीश झुकाएं।
कण-कण रहे सुगंधित इसका,
हरित क्रांति से धरा सजाएं।।
शुद्ध हवा से रोग मरेंगे,
पेड़ों पर चिड़िया चहकेंगी।
तन ताजा हो मन में मस्ती,
फूलों की बगिया महकेंगी।।
खाने को अन्न दिया तुमने,
पीने, अमृत जैसा पानी।
अमृत में विष नहीं घुलेगा,
बहुत हुई अब तक नादानी।।
दूर रहें नदियों से नाले
अलग व्यवस्था करनी होगी
हर जीवन पानी का प्यासा,
सबकी पीड़ा हरनी होगी।।
धरती की हर सांस प्रदूषित,
वर्षों से बीमार बेचारी।
धरती मां हम सबकी मां है,
समझें अपनी जिम्मेदारी।।
स्वच्छ रखेंगे सड़क जलाशय,
मिल-जुल कर करते श्रमदान।
शहर-नगर या गली गांव की,
इनसे बनती अपनी शान।।
हम भविष्य हैं इस पृथ्वी के,
सेवा है संकल्प हमारा।
जहरीला परिवेश हो गया,
पाना है इससे छुटकारा।।
रहें समर्पित जीवन भर,
फिर औरों को भी समझाएं।
एक रोज क्यों मने वर्ष में
हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएं।।

## रंग भरो-173

**रंग भरो-173** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





समृद्धि, शहडोल



सौम्य, बालोद



अन्वीक्षा, दुर्ग



आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर



वैदिक, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, डिंपल-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, राशि-दुर्ग, सत्यम-रायपुर, अमन-कोरबा, सक्षम-बिलासपुर, दिव्या-रायगढ़, जतिन-रोहतक, काव्या-महासमुंद, जीविका-बलौदा बाजार, सौम्या-भेपाल, आद्या-हिसार, कुसुम-बिलासपुर, राशि-दिल्ली

## रंग भरो 174



बच्चो, यहां पर 'पृथ्वी दिवस' से जुड़ा एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

**खबर संक्षेप**



### पूर्व सीएम ने अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

**रोहतक।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व विधायक संत कुमार व पूर्व विधायक बलवंत मायना जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार हुड्डा के निधन पर उनके निवास स्थान पर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। इस मौके पर उनके साथ भगत सिंह मलिक, प्रेम हुड्डा, रणबीर हुड्डा, सतपाल हुड्डा, बिरेंद्र हुड्डा, जयपाल, अनूप सिंह और आयुष हुड्डा मौजूद रहे।

### फोन छीनने की वारदात में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी राकेश सैनी ने बताया कि गांव बुढा खेडा निवासी नरेंद्र की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 30 जुलाई को नरेंद्र अपनी स्कूटी से गांव गद्दी खेडी आ रहा था। नरेंद्र ने जैसे ही भिवानी रेलवे लाइन पार की तो पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल सवार युवक आए और नरेंद्र का मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 16 अप्रैल को आरोपी सावन व रवि निवासी कथुरा जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया गया है।

### इंटरव्यू में आत्मविश्वास बहुत आवश्यकः डॉ. गिल

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में इंटरव्यू स्किल्स विषय पर चल रहे शॉर्ट टर्म कोर्स के तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाराजा सूरजमल इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली से सहायक प्राध्यापक डॉ. अरविंद गिल एवं डॉ. कुसुम गिल विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। इंटरव्यू से संबंधित विभिन्न बिंदुओं को बताया और सिखाया गया। डॉ. गिल ने इंटरव्यू के दौरान घटित होने वाली जरूरी बातों का जिक्र करते हुए कहा कि इस समय का अपना अलग सा वातावरण होता है।

## 24 घंटे भूख हड़ताल कर जताया विरोध

# भूख हड़ताल खत्म, 8 जून को अंबाला छावनी में न्याय मार्च निकालेंगे राडवेज कर्मचारी

सरकार न तो कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कर रही है और न ही विभाग में कर्मचारियों की भर्ती कर रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले बस अड्डे पर कर्मचारियों की 24 घंटे भूख हड़ताल समाप्त हो गई। इस दौरान कर्मचारियों ने यातायात प्रबंधक को महानिदेशक के नाम ज्ञापन भी दिया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य विरेंद्र सिंगरोहा, नरेन्द्र दिनोद, सुमेर सिवाच और मुकेश दुहन ने बताया कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को लागू करने का आश्वासन समय समय पर देती आ रही है, परंतु उन्हें लागू नहीं कर रही। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष। सरकार न तो कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कर रही है और न ही विभाग में कर्मचारियों की भर्ती कर रही है। जिससे बसों की मरमत करना, साफ सफाई व आम जनता परिवहन सुविधा देने में परेशानी आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार बिना किसी की मांग के 362 मार्गो पर प्राइवेट बस परमिट देने की योजना बना रही है। पूर्व में चल रही परिवहन समिति के सेवा परिणाम आम जनता के सामने हैं। सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक बसे महंगी दरों पर ठेके पर ली गई हैं। जिसमें सरकार द्वारा दी जाने वाले फ्री व रियायती दरों पर मिलने वाली किसी भी प्रकार की सुविधा लागू नही है।




**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए टीएम को ज्ञापन देते हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के पदाधिकारी।

### इन मांगों पर 17 जुलाई 2024 को बनी थी सहमति

परिचालक व चालकों की पे ग्रेड की वेतन वेतनमान के वेतनविसंगति दूर करना, चालक व परिचालकों को रात्रि ठहराव एक माह में 25 देना, चालक, परिचालक, निरीक्षक, उप निरीक्षक व कर्मशाला के कर्मचारियों को एक वर्ष में 30 देय अर्जित अवकाश देना, 2002 के भर्ती चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करना, चालकों के लिए अड्डा इंचार्ज का नया पद सृजित करके प्रमोशन देने, विभाग में जोखिम भरी ड्यूटी करने वाले सभी कर्मचारियों को जोखिम भत्ता देना आदि अन्य मांग पत्र में शामिल मांगों पर सहमति बनी थी। सभी नेताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि कर्मचारियों की मांगो का जल्द से जल्द समाधान करें अन्यथा रोडवेज कर्मचारी 8 जून को अंबाला छावनी शहर में परिवहन आवास तक न्याय मार्च निकालेंगे। इस अवसर पर सुरेश नहरा, नरेश सिवाच, सुमेश कुण्डु, जितेन्द्र लाकड़ा, जोगेन्द्र दुल, राजेश मायना, गिरीराज, मनजीत कारोर, सुरेन्द्र, जयकुवार दहिया, नरेश सांगवान सुभाष, सतबीर मुण्डाल, मनजीत दलाल, जोगेन्द्र मलिक, मनीष, सिद्धार्थ लाठर आदि मौजूद रहे।




## द आर्यन ग्लोबल स्कूल में इंटर हाउस डिस्प्ले बोर्ड प्रतियोगिता का आयोजन

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में बुधवार को इंटर हाउस डिस्प्ले बोर्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर बोर्ड तैयार किए। सभी विद्यार्थी आत्मविश्वास से ओत-प्रोत दिखाई दिए। विद्यालय निदेशिका सुनीता अहलावत, प्रधानाचार्य राज कुमार खन्ना और सभी अध्यापकों ने बच्चों की सुंदर प्रस्तुति की सराहना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर नैतिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना की।

### एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता में सिरतार संस्थान के दिव्यांग खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**रोहतक।** स्पेशल ओलंपिक भारत हरियाणा द्वारा राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता का आयोजन ताऊ देवीलाल स्टेडियम गुरुग्राम में गत 16 अप्रैल को किया गया, जिसमें सिरतार संस्थान के 6 दिव्यांग खिलाड़ी सुमन, कुसुम, वंश, चांद, आर्यन व पार्थ ने भाग लिया। चांद ने 200 मीटर दौड़ में, आर्यन ने जेवलिन थ्रो में तथा पार्थ ने शॉट पुट में स्वर्ण पदक हासिल किया तथा इनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगियों के लिए हुआ। संस्थान पहुंचने पर संस्थान के निदेशक डॉ. एडी पासवान सहित सभी ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर हुकमचन्द, विजेन्द्र, जयन्त शर्मा, मोनिका, अनिल, संजीव कुमार राठी टीम कोच, डॉ. मुकेश कुमार, स्वीटी, ममता, ज्योति, अनुराधा, सुनील, चकलेश्वर, विश्नजीत, प्रदीप कुमार, अजमेर आदि उपस्थित रहे।



**रोहतक।** गांव सुनारिया में शहीद अवतार सिंह को माला अर्पण करते हुए गांव के लोग एवं परिवार के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## सुनारिया में शहीद नायक अतर सिंह को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहीद नायक अतर सिंह के जन्मदिवस पर उनके परिवार द्वारा हवन का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहीद को माला अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

वजीर पहलवान, रामेहर बुधवार, पंडित मेघराज, पंडित हरिओम वशिष्ठ, राहुल बुधवार व शहीद के परिवार व गांव के व्यक्तियों को शहीद नायक अतर सिंह की वीरता की बातें बताई गई। उन्होंने कई मेडल हासिल किए थे। 1980 में थल सेवा में भर्ती हुए थे और 1989 में शहीद हो गए थे। सभी ने उन्हें नमन किया। इस अवसर पर राहुल बुधवार, मोनिका, प्रियंका, ओमी, राजो, वीरेंद्र फरमाणा, सचिन बुधवार आदि मौजूद रहे।

## भाजपा व कांग्रेस ने सिर्फ प्रदेश को लूटने का किया काम, आमजन से नहीं कोई सरोकार : कर्ण सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इंडियन नेशनल लोकदल युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्ण चौटाला ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस को आमजन से कोई सरोकार नहीं है, सिर्फ दोनो राजनीतिक दलों ने प्रदेश को लूटने का काम किया है। साथ ही चुनाव में भी भाजपा की बी टीम बनकर कांग्रेस ने मदद की और सरकार बनवाई है।

उन्होंने कहा कि भले ही इनेलो के दो विधायक बने है, लेकिन उन्होंने विधानसभा में प्रमुखता से जनता की आवाज उठाई है, लेकिन कांग्रेस ने कोई मुद्दा नहीं उठाया, सिर्फ चुटकले सुनाएं है। इनेलो युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्ण सिंह चौटाला व इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव प्रकाश भारती वीरवार को रोहतक स्थित रूपया चौक पर पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक बलवंत मायना, अरविंद गोस्वामी, डॉ. नफे सिंह लाहली, कृष्ण कौशिक एडवोकेट, विनोद अहलावत, सतीश नांदल रिठाल, स्वतंत्र आंनद देशवाल, सूरज देहराज, राजबीर वाल्मीकि, रामभगत लाकडा, डॉ. रणबीर हुड्डा, वीरेन्द्र सिंह नांदल, जयसिहं शिमली, मास्टर मुख्तयार सिंह, वेद भराण, शीला खरैटी, कमला मलिक, संजीव कोच, राजेश कटवाडा, यादराम सरपंच, करतार काहनी, महावीर नंबरदार, जयभगवान लाढौत, करतार मकडौली, भोला सुढाणा, मास्टर रणधीर सिंह, बबलू नरवारल, डीके हुड्डा, अमरजीत दांगी, जितेन्द्र, नरेन्द्र गुगाहेडी, धुरेन्द्र, सतबीर सहरावत, सरला, दलबीर राणा, रामचन्द्र भालौठ प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते इंडियन नेशनल लोकदल युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्ण चौटाला। फोटो : हरिभूमि

### युवाओं ने थामा इनेलो का दामन

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के हलके गढ़ी सांपला किलोई से काफी युवाओं ने कांग्रेस को छोडक़र इंडियन नेशनल लोदल पार्टी का दामन थामा है। कांग्रेस छोड़कर इनेलो में शामिल होने वाले सोनू कसरैटी, प्रकाश, कृष्ण, दीपक, देवेन्द्र, आकाश, अमित, प्रदीप, संदीप, जितेन्द्र, बिजेन्द्र, अशोक, ओमदत, अश्वनी शामिल रहे।

## खरकड़ा में दो एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल और चार एकड़ के फाने जले

**महम।** वीरवार को खरकड़ा गांव के खेतों में आग लग गई। आग लगने से दो एकड़ में गेहूं की फसल ओर चार एकड़ के गेहूं के फाने जल गए। ग्रामीणों ने आग की सूचना महम थाने में दी। बताया कि खरकड़ा गांव में मोखरा रोड पर भिवानी डिस्ट्रीब्यूट्री नहर के पास खेतों में आग लग गई है। पुलिस ने महम दमकल केंद्र को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल केंद्र की गाड़ियां मौके पर पहुंची। फायरकर्मियों ने आग पर काबू पाया। फायरकर्मियों के पहुंचने से पहले खरकड़ा गांव निवासी कश्मीर पुत्र बनी सिंह और ब्रह्मजीत पुत्र पूर्ण सिंह की एक एक एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। जबकि तीन चार एकड़ में गेहूं के अवशेष जल गए। यदि फायर कर्मचारी आग को नहीं बुझाते तो नुकसान अधिक बढ़ सकता था। लाखन माजरा में कूड़े में भी आग लग गई थी। जिसकी सूचना पर महम से फायर की गाड़ी मौके पर पहुंची। फायरकर्मी नीरज कुमार ने बताया कि महम दमकल केंद्र के कर्मचारी तत्परता से कार्य कर रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच जाते हैं। 24 घंटे सभी फायर स्टाफ अलर्ट पर है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन ने वीरवार को अपनी मांगों को लेकर मानसरोवर पार्क में धरना दिया। प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त के माध्यम से अपनी मांगों का मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ऑगनवाड़ी कर्मी पिछले लंबे समय से सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग कर रही हैं। मगर सरकार उन्हे अभी तक अपना श्रमिक तक का दर्जा भी देने के लिए तैयार नहीं है।इन मांगों को लेकर पीछे 118 दिन की हड़ताल की भी कई गई थी। उस वक्त जो कुछ मांगे मानी गई थी वह भी अभी तक लागू नहीं हुई हैं। 975 वर्कर हेल्पर को हड़ताल करने पर नौकरी से निकाल दिया गया था। लेकिन आंदोलन के दबाव में नौकरी पर तो वापस भी ले लिया गया, अभी तक हड़ताल के दिनों का मानदेय नहीं दिया गया है। मुख्यमंत्री से भी मिल चुके हैं। कुछ वर्कर हेल्पर का हड़ताल के दिनों का बकाया मिल गया है। लेकिन अधिकतर का अभी तक नहीं मिला है।

## सलाह संगठन ने ऑनलाइन डायरी के विरोध में डीईओ को ज्ञापन सौंपा

**रोहतक।** स्कूल कैडर लैक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह) से जुड़े अध्यापकों ने जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक को शिक्षा मंत्री के नाम शिक्षकों से आनलाइन डायरी लिखने के विरोध में ज्ञापन सौंपा। सलाह राज्य प्रधान अशोक शर्मा, कार्यकारी प्रधान अजय मलिक के निर्देशन में जिला रोहतक की सलाह इकाई के प्रधान रमेश नेहरा की अगुआई में अध्यापकों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी के सामने अपनी मांग रखी और कहा कि ऑनलाइन डायरी प्रणाली न केवल शिक्षकों पर अतिरिक्त बोझ डालती है, बल्कि इसका कोई व्यावहारिक लाभ भी नहीं है। इस अवसर पर सलाह संगठन से रणवीर सिंह, विकास, संदीप, ओम प्रभा, अजय कुमार, मनोज कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे। सभी ने इस फरमान को वापस लेने की मांग की।



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

## सैनिक कॉलोनी में हुई बलजीत की हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने सैनिक कॉलोनी में हुई बलजीत की हत्या की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। शहर थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि 7 अप्रैल को सूचना मिली कि सैनिक कॉलोनी में स्थित सागर भोजनालय के साथ वाली बिल्डिंग की छत पर एक युवक मृत अवस्था में पडा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की। मृतक युवक की पहचान बलजीत निवासी उतराखंड के रुप में हुई। बलजीत की शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। मृतक बलजीत की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद बलजीत के बेटे मनीष की शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया गया। अंदरुनी लगी चोटों के कारण बलजीत की मौत होनी पाई गई। जांच में सामने आया कि करीब एक डेढ़ साल से बलजीत सागर भोजनालय में काम करता था। 6 अप्रैल को रात के समय ढाबे के युवकों के साथ पार्टी की। पार्टी करने के बाद बलजीत सोने के लिए छत पर चला गया। सुबह के समय बलजीत मृत अवस्था में मिला। जांच के दौरान 16 अपैल को आरोपी टोनी निवासी समालखा जिला पानीपत व सुभाष चंद निवासी जिला अलीगढ़, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। वारदात में शामिल रहा तीसरा आरोपी फरार चल रहा है। जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। बलजीत व अन्य तीनों आरोपी रात के समय पार्टी कर रहे थे जिस दौरान बलजीत के साथ युवकों की कहासुनी हुई।

## एसएफआई ने टूटी बिल्डिंग व टूटी सड़क बनवाने को उपप्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एसएफआई ने लगभग 2 साल से टूटी हुई बिल्डिंग, टूटी सड़कों को बनवाने व विभिन्न समस्याओं को लेकर वीरवार को पंडित नेकीराम शर्मा कॉलेज के प्राचार्य के नाम कॉलेज उपप्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है। एसएफआई नेकीराम कॉलेज इकाई की ओर से इकाई सचिव प्राची ने कहा कि लगभग पिछले 2 साल से साइंस ब्लॉक बिल्डिंग सरकार के द्वारा ग्रांट पास होने के बाद तोड़ा गया था। विधानसभा चुनाव और अन्य कारणों का हवाला देकर इसके निर्माण में देरी कि जा रही हैं। परिणाम स्वरूप चारों और कुड़े और मलबे के ढेर बने हुए हैं।

अब यह टूटी हुई बिल्डिंग कॉलेज के छात्रों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। क्योंकि आवश्यकता के अनुसार क्लास रूम ना होने के कारण क्लास कॉलेज के हिमालय बॉयज़ हॉस्टल की कमरों में लग रही है। जिसके कारण विद्यार्थियों को सफाई तथा गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल न होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि अगर कॉलेज प्रशासन के द्वारा जल्द से जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो हम सभी विद्यार्थियों को लामबंद करते हुए विरोध प्रदर्शन करेंगे। इकाई उप-प्रधान खुशबू ने कहा कि कॉलेज के अंदर ज्यादातर कोई प्रोग्राम हो इस दौरान सफाई का ध्यान दिया जाता है। सभी वॉशरूम और टॉयलेट की नियमित सफाई न होने के कारण स्थिति बुरी बन जाती है। कुलदीप ने कहा कि कॉलेज की सड़क एंट्री गेट से लेकर अंदर तक टूटी हुई हालत में होने के कारण परेशानी का कारण बनी हुई है। क्योंकि हादसे का डर बना रहता हैं।इसलिए हम मांग करते हैं कि कॉलेज की सड़कों को भी ठीक करवाया जाए। इकाई सह-सचिव धर्मेंद्र ने कहा कि आज हमने चार सूत्रीय मांग पत्र कॉलेज प्रशासन को सोपा है। अगर 15 दिन के अंदर इसमें हमें संतोषजनक परिणाम नहीं मिले तो सभी छात्रों को लामबंद करते हुए प्रदर्शन करेंगे।




## गिरावड़ में घर में घुसकर मारपीट, चार पर केस

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव गिरावड़ में एक ही परिवार के कई लोगों पर जानलेवा हमला करने और घर में घुसकर मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गिरावड़ गांव निवासी रविकांत पुत्र राकेश ने बताया कि कल शाम को चार बजे उसकी चाची सनोज पत्नी वजीर के साथ कूड़ेदान को लेकर कृष्णा पत्नी रामफल के साथ आपस में कहासुनी और मारपीट हो गई। इसी दौरान लड़ाई झगड़े की आवाज सुनकर उसकी मां भी घर से बाहर आ गई। कृष्णा ने उसकी मां के साथ भी गाली गलौच व मारपीट शुरू कर दी। पुलिस की डायल 112 सेवा पर सूचना दी गई। जिस वजह से बीच बचाव कर दिया गया। सनोज, माया और राजेश शिकायत करने के लिए लाखन माजरा थाने में चले गए। घर पर वह, रानीला गांव निवासी सतीश पुत्र बजरंग और गिरावड़ गांव निवासी बलवान पुत्र साधुराम बैठे हुए थे।

### एचएसवीपी कर्मचारियों ने किया रोष प्रदर्शन

**रोहतक।** एचएसवीपी कर्मचारी यूनियन ने राज्य कमेटी के आह्वान पर वीरवार को सैक्टर-2 स्थित एचएसवीपी कार्यालय पर सर्कल प्रधान जयभगवान चहल की अध्यक्षता में लम्बित मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन किया। मुख्य प्रशासक के नाम अधीक्षक अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। प्रदर्शन का संचालन सर्कल सचिव प्रदीप जांगड़ा ने किया। जल्द समाधान नहीं किया गया तो 7 मई को प्रदेश के कर्मचारी मुख्यालय का घेराव करने पर मजबूर होंगे। इस दौरान राज्य कोषाध्यक्ष कमल सिंहमार, जिला सोनीपत के प्रधान राकेश त्यागी, मनबीर रावत, बलजीत मकडोली, जलकरण, बलराम गुप्ता, जयप्रकाश, आनन्द स्वरूप मौजूद रहे।

**ग्राम पंचायत काहनी 7½**
**खण्ड रोहतक, जिला रोहतक**
**सरपंच प्रदीप, मो. 9992099110**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत काहनी 7.5 की भाड़े पर दो दुकानों की खुली बोली (किराया वास्ते) दिनांक 28.04.2025 को प्रातः 11 बजे खुली बोली लाइब्रेरी में की जाएगी। बोलीदाता लेने के इच्छुक हो तो उपरोक्त तिथि को मौके पर हाजिर हो। बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी। अधिक जानकारी के लिए सरपंच ग्राम पंचायत काहनी 7.5 से सम्पर्क कर सकते हैं।

हस्ता/- प्रदीप, सरपंच
ग्राम पंचायत काहनी 7½ (रोहतक)

## अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र करें निपटारा : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें।

अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय द्वारा समाधान शिविरों के दौरान अब तक प्राप्त 2590 शिकायतों में से 2587 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है तथा शेष लंबित 3 शिकायतों का निपटारा भी संबंधित विभागों के माध्यम से करवाया जा रहा है। नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब समाधान शिविर का आयोजन हर सोमवार व वीरवार कार्य दिवस को सुबह 10 से 12 बजे तक स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार तथा उपमंडल स्थित लघु सचिवालय में किया जा रहा है। समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निपटारे की हर शुक्रवार को सुबह 10 बजे समीक्षा की जाएगी।




**रोहतक।** लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
• एचआर हेड (महिला)
• फील्ड ऑफिसर
• टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
PRO 5
NURSING STAFF 4
ICU STAFF 10
MALE NURSING STAFF 5
HOUSE KEEPING 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
▶All Vaish School ▶Vedanta School ▶Shiksha Bharti ▶Scholar Rosary ▶St. Pall School ▶ZAD Global School ▶Model School ▶Shivalik School ▶DAV School ▶MRGS School ▶Baba Mast Nath School ▶GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak | Ph.: 01262-258299

# ऑनलाइन डायरी के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन, जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- सरकार के फैसले को वापस लेने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, हसला ( हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ) जिला रोहतक इकाई व हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन रोहतक ने ऑनलाइन डायरी और सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक को मुख्य सचिव शिक्षा विभाग व मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने से पहले सभी शिक्षक मानसरोवर पार्क में एकत्रित हुए और यहां से नारे लगाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। जिला रोहतक प्रधान रामराज कादयान, हसला रोहतक प्रधान राजीव दलाल, मास्टरवर्ग प्रधान जसमेर हुड्डा, पूर्व राज्य प्रवक्ता प्रदीप कुमार ने बताया कि एमआईएस पर टीचर डायरी लिखने के आदेश अव्यावहारिक हैं, क्योंकि कई जेबीटी अध्यापक ऐसे हैं, जिनमें एक अध्यापक के पास तीन-चार कक्षाएं हैं। ऐसे में वह कैसे डेली टीचर डायरी लिख पाएगा। इसमें अध्यापकों का बहुत समय लग जाएगा जबकि यही समय बच्चों की पढ़ाई में लगाया जाएगा तो इसका सीधा-सीधा लाभ बच्चों को मिलेगा। बहुत से स्कूल ऐसे हैं जहां नेटवर्क समस्या लगातार बनी रहती है। ऐसे में एमआईएस पर टीचर डायरी लिखना असंभव कार्य है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि इस फैसले को वापस लिया जाए एवं पहले की तरह ऑफलाइन टीचर डायरी लिखने के आदेश जारी रखे जाएं। अगर सरकार ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो शिक्षक संघ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।




रोहतक। अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करते जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक को ज्ञापन देते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, हसला के पदाधिकारी।

## मानसरोवर पार्क में एकत्रित हुए शिक्षक , जमकर की नारेबाजी

### मूल्यांकन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए

*अन्य मांगो में निपुण/एफएलएन हरियाणा के अंतर्गत किया जाने वाला मूल्यांकन अत्यधिक लंबा और पेचीदा है, जिस कारण बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है व समय भी व्यर्थ हो रहा है। मूल्यांकन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए तथा बच्चों की एक ही प्रकार की दक्षता के मूल्यांकन का रिकॉर्ड बार-बार के स्थान पर एक ही बार दर्ज किया जाए। मोबाइल आधारित मूल्यांकन को बंद किया जाए। प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों को इस कार्य से मुक्त किया जाए। इस अवसर पर पूर्व हसला जिला प्रधान राकेश दलाल, जिला उप प्रधान वीरेंद्र सिंह, मनोज सहारण पूर्व मास्टर वर्ग जिला प्रधान, आरपीएसएस जिला महासचिव संजय चोपड़ा, जिला कोषाध्यक्ष विजय हुड्डा, राज्य सचिव ललित कुमार, जिला वरिष्ठ उप प्रधान संदीप दहिया, प्रवक्ता बिजेंद्र बाहमनिया, पूर्व राज्य प्रवक्ता मनोज सहरावत, उप प्रधान रामचंद्र मलिक, सुभाष गहलावत, रामप्रवेश, कलानौर ब्लॉक प्रधान हरिओम, सांपला ब्लॉक प्रधान विजय, महम प्रधान गुलाब, रोहतक ब्लॉक प्रधान मनोज हुड्डा, लाखनमाजरा प्रधान परविंदर कादयान, राजेश कुमारी, कौशल्या, सुशीला आर्या, कांता, सुमन, मंजू राणा, मधु, नीलम, नीरज, संतोष, ममता आदि उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप



### यातायात के नियमों का करें पालन

**रोहतक।** वैश्य तकनीकी संस्थान में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल अधिकारी राजन सरीन ने बताया कि वैश्य तकनिकी संस्थान में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। परवीन कुमार ने बताया कि हमें किस प्रकार सड़क पर अपने वाहन को पार्क करना चाहिए, दोपहिया वाहन पर हेलमेट पहनना आदि पर उन्होंने जागरूक किया।

### मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के पात्र करें आवेदन

**रोहतक।** प्रदेश सरकार द्वारा एक लाख 80 हजार रुपए वार्षिक आय के अंत्योदय परिवारों के शहरी क्षेत्र में अपने घर का सपना साकार करने के लिए एक मरला अर्थात 30 वर्ग गज प्लॉट मात्र एक लाख रुपए में देने के लिए मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना में घुमंतु जाति के परिवारों को प्राथमिकता दी जाती है। पात्र व्यक्ति आगामी 30 अप्रैल 2025 तक मात्र 10 हजार रुपए की न्यूनतम राशि जमा करवाकर इस योजना के तहत आवेदन कर सकते है।

## कई कार्यालयों में तो अफसर भी आते लेट, जाते जल्दी

# महम में सरकारी कर्मचारी बने सैलानी, मनमर्जी से पहुंचते दफ्तर

### गांवों से पहुंचे फरियादी हो रहे परेशान, घंटों तक करना पड़ता इंतजार

**खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के हालात सबसे खराब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

उपमंडल महम के कई सरकारी कार्यालयों में अधिकारी व कर्मचारी समय पर दफ्तर नहीं पहुंच रहे। कई दफ्तरों में कर्मचारी देरी से आते हैं और जल्दी ही घर चले जाते हैं। स्थानीय प्रशासन की ढिलाई की वजह से विभिन्न सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी अपनी मनमर्जी से ड्यूटी कर रहे हैं। महम के सरकारी कार्यालयों में विभिन्न गांवों से पहुंचे फरियादी घंटों तक अफसरों व कर्मचारियों के ऑफिस आने का इंतजार करते देखे जा रहे हैं। वैसे तो ज्यादातर विभागों का यही हाल है, लेकिन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय कार्यालय के हालात सबसे खराब हैं। इस कार्यालय के कई कर्मचारियों का तो यह रूटीन बन गया है कि वे अक्सर दोपहर तक दफ्तर पहुंचते हैं और छुट्टी होने से पहले ही घर लौट जाते हैं। विभिन्न महकमों में नवनियुक्त ग्रुप डी कर्मचारियों की बात करें तो इनमें से कई कर्मचारी ऐसे हैं, जो सरकारी नौकरी को नौकरी न समझकर दफ्तर को पिकनिक स्पॉट समझ रहे हैं। ये कर्मचारी कभी कभार ही दफ्तर में हाजरी लगाने आते हैं। कई विभागों में तो ग्रुप डी कर्मचारियों ने यह सिस्टम लागू कर रखा है कि एक दिन एक कर्मचारी ड्यूटी करेगा तो दूसरा कर्मचारी छुट्टी पर रहेगा। अपनी मर्जी से ही एक कर्मचारी दूसरे की ड्यूटी बजा रहा है। कई नवनियुक्त ग्राम सचिव फिल्ड की नौकरी होने का फायदा उठा रहे हैं। गांव वाले पूछते हैं तो खंड कार्यालय में होने की बात कहते हैं, यदि कोई खंड कार्यालय में पहुंचता है तो उसको कह दिया जाता है कि वे गांव में गए हुए हैं।



**महम।** लघु सचिवालय महम का भवन।

### बहाना बनाकर दफ्तर से खिसक जाते

लघुसचिवालय बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर एसडीएम दलबीर सिंह का कार्यालय है। बावजूद इसके सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की लेट लतीफी से लोग परेशान हैं। महम में जो सरकारी कार्यालय लघु सचिवालय से बाहर चलाए जा रहे हैं, उनमें कर्मचारियों की मनमर्जी ज्यादा चल रही है। नगर पालिका कार्यालय में भी कई कर्मचारी देरी से आते हैं और जल्दी घर चले जाते हैं। कई अफसर व कर्मचारी डीसी ऑफिस में मीटिंग का बहाना बनाकर अपने दफ्तर से खिसक जाते हैं। तहसील कार्यालय, गवर्नमेंट आईटीआई, महिला एवं बाल विकास विभाग, रोजगार कार्यालय, खंड कार्यालय, पीड्ब्ल्यूडी विश्राम गृह, पटवार भवन, वन विभाग और जनस्वास्थ्य विभाग समेत ऐसे कई विभागों के सरकारी दफ्तर हैं, यदि यहां पर जिला उपायुक्त या एसडीएम द्वारा छापामारी की जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है।

# पुराने अख़बार, गत्ते आदि को नए व उपयोगी उत्पादों में बदलना सिखाया

- शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट विषय पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, नवाचार तथा पुनर्चक्रण की महत्ता को उजागर करना रहा। सनी एवं विनोद ने अपनी अनोखी प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ को आश्चर्य चकित कर दिया।



उन्होंने यह प्रदर्शित किया कि किस प्रकार हमारे दैनिक जीवन में उपयोग के बाद फेंक दी जाने वाली वस्तुएं, जैसे पुराने अख़बार, गत्ते आदि को नए और उपयोगी उत्पादों में बदला जा सकता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने सनी और विनोद का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब पर्यावरण संकट हमारे सामने एक गंभीर चुनौती बन चुका है, ऐसे कार्यक्रम न केवल बच्चों को शिक्षित करते हैं बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक एवं डा. दिनेश मदान ने शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

## पहाड़े प्रतियोगिता के विजेताओं को शिक्षा मंत्री ने नवाजा



**रोहतक।** पानीपत के आर्या कॉलेज में वर्ष 2023 में आयोजित राज्य स्तरीय पहाड़ा प्रतियोगिता के विजेताओं को शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला गणित विशेषज्ञ दीपक अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि रोहतक जिले से दो विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर पुरस्कार मिला, जिनमें आलोक पुत्र सुभाष राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय लाखनमाजरा को राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान मिला। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री ने उन्हें 7000 रुपए का राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र दिया। वहीं राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय बालभवन रोहतक से वंशिका पुत्री सुरेंद्र को भी सर्टिफिकेट मिला। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मालिक व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने इन होनहार विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**रोहतक।** एसबी मॉडल स्कूल में तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन स्टेट ट्रेनर उमंग गिल के द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को गांठ बांधना, टेंट लगाना, पेट्रोलिंग, मोर्स कोड का उपयोग करना सिखाया। साथ ही सीमित संसाधनों के उपयोग से आपदा प्रभावित क्षेत्रों में कुशलता पूर्वक भोजन की व्यवस्था करने का कौशल विद्यार्थियों को सिखाया। प्राचार्य कृष्णा रोहिल्ला ने सभी के प्रयास की सराहना की।

# यूएचएस-बीएसीएलएस पाठ्यक्रम का उद्घाटन

- पीजीआईएमएस ने स्नातकोत्तर छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा पीजीआईएमएस ने स्नातकोत्तर छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम - यूएचएस-बेसिक और एडवांस्ड कार्डियोपल्मोनरी लाइफ सपोर्ट ( यू ए च ए स - बी ए सी ए ल ए स ) पाठ्यक्रम के दूसरे बैच का गुरुवार को उद्घाटन किया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ एस के सिंघल उपस्थित हुए। इस अवसर पर उपस्थित पीजी चिकित्सकों को संबोधित करते हुए डॉ एस के सिंघल ने कहा कि इस कोर्स को विकसित करने और क्रियान्वित करने के अथक प्रयासों के लिए डॉक्टर प्रशांत और उनकी टीम ने काफी मेहनत की है जिसके लिए वह उन्हें बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यापक व्यावहारिक पाठ्यक्रम यूएचएस रोहतक की एक अग्रणी पहल है, जिसका उद्देश्य सभी रेजिडेंट चिकित्सकों को आपातकालीन पुनर्जीवन के लिए आवश्यक जीवन रक्षक कौशल से लैस करना है। डॉ एस के सिंघल ने फैकल्टी के समर्पण की सराहना की, जिनकी कड़ी मेहनत ने लगातार दूसरे बैच के लिए इस पाठ्यक्रम को वास्तविकता बना दिया है। यूएचएस रोहतक के डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. ध्रुव चौधरी ने कार्यक्रम की विशिष्टता पर जोर देते हुए कहा कि पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय के अपने अनुभवी शिक्षकों द्वारा सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा, /"यह केवल एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम नहीं है, यह हर छात्र को आपात स्थिति के दौरान जीवन बचाने की क्षमता के साथ सशक्त बनाने का अवसर है।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ एस के सिंघल ।
फोटो : हरिभूमि



## एसजेके कॉलेज में विद्यार्थियों को पाइथागोरस पर आधरित फिल्म दिखाई

रोहतक। सत जींदा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में कॉलेज के गणित विभाग द्वारा विद्यार्थियों को पाइथागोरस के जीवन पर आधारित मूवी दिखाई गई। इस मूवी को विद्यार्थियों को दिखाने का उद्देश्य गणित के प्रति विद्यार्थियों में रूचि बढाना है। कालेज प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने बताया कि पाइथागोरस एक यूनानी गणितज्ञ के साथ साथ दर्शन शास्त्र के विशेषज्ञ भी थे। पाइथागोरस प्रमेय का नाम पाइथागोरस के नाम पर रखा गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. गुरविन्दर सिंह के कुशल दिशा-निर्देशन में हुआ। डॉ. पूनम अधलखा व डॉ. सतीश नरवाल का इसमें विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. हरीश चन्द्र व डॉ. चेतना मौजूद रहे।



## जेपी इंटरनेशनल स्कूल में स्पीक मैके शास्त्रीय श्रृंखला 2025 के तहत संगीत कार्यक्रम आयोजित

**रोहतक।** जेपी इंटरनेशनल स्कूल में स्पीक मैके शास्त्रीय श्रृंखला 2025 के तहत संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रसिद्ध गायक, पं. रितेश राजनिश मिश्रा को आमंत्रित किया, जो बनारस घराने के एक प्रमुख कलाकार हैं। तबला वादक पंडित मिथिलेश व हार्मोनियम वादक पंडित सुमित मिश्रा के साथ पंडित रितेश व राजनिश मिश्रा का प्रदर्शन अद्भुत रहा, जिसमें उन्होंने नट भैरव आदि रागों और रचनाओं की अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बनारस घराने की विशिष्ट शैली और भावनात्मक गहराई ने दर्शकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान किया। छात्रों ने शास्त्रीय संगीत की जटिलताओं को समझने के लिए पंडित मिश्रा बन्धुओं के साथ बातचीत की, जिससे उन्हें इस कला के बारे में अधिक जानने का अवसर मिला। यह आयोजन न केवल एक संगीत कार्यक्रम था, बल्कि एक शैक्षिक अनुभव भी था। पं. मिश्रा के प्रदर्शन ने छात्रों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की सुंदरता और गहराई से परिचित कराया, जिससे उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति गर्व और सम्मान की भावना विकसित करने में मदद मिली। संस्था अध्यक्ष राजीव मलिक ने सभी का धन्यवाद किया।

**कार्यक्रम** अंबेडकर जयंती पखवाड़ा समारोह के दूसरे दिन साइबर सुरक्षा को प्रमुखता से उठाया

# शिक्षा और सतर्कता ही साइबर फ्रॉड के सामने हमारी पहली रक्षा पंक्ति : डॉ. तरन्नुम खान

**व्याख्यान में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की उत्साही उपस्थिति रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पखवाड़ा समारोह के दूसरे दिन दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (सुपवा) में साइबर फ्रॉड जागरूकता विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस सत्र का नेतृत्व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. तरन्नुम खान ने किया। व्याख्यान में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की उत्साही उपस्थिति रही। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. खान ने बीते कुछ वर्षों में साइबर फ्रॉड मामलों में आई तेज़ बढ़ोत्तरी पर चिंता जताई और डिजिटल साक्षरता तथा जन-जागरूकता की अनिवार्यता को रेखांकित किया।



**रोहतक।** विद्यार्थियों को सम्बोधित करते मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. तरन्नुम खान ।
फोटो : हरिभूमि

### अपराधिक तकनीकों को दर्शाया

*डॉ. तरन्नुम खान ने कहा कि आज स्क्रीन ही हमारा नया रास्ता बन चुका है। यह जितनी सुविधाजनक है, उतनी ही जोखिमपूर्ण भी। ऐसे में शिक्षा और सतर्कता ही हमारी पहली रक्षा पंक्ति हैं। डॉ. खान के साथ उनकी टी पुलिस उप-निरीक्षक सिम्मत कुमार और सहायक उप-निरीक्षक दयानंद ने वास्तविक मामलों और अपराधियों की तकनीकों को प्रदर्शित किया, जिनके जरिए वे भोले-भाले नागरिकों को ठगते हैं। टीम ने विजुअल प्रेजेंटेशन और नकली परिदृश्यों के माध्यम से यह दिखाया कि किस प्रकार धोखेबाज तकनीक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव का इस्तेमाल कर लोगों का विश्वास जीतकर उनकी संवेदनशील जानकारी चुरा लेते हैं। व्याख्यान की एक प्रमुख विशेषता थी डिजिटल अरेस्ट। इसकी अवधारणा पर डॉ. खान का जोर जिससे उनका तात्पर्य था वह मानसिक और आर्थिक स्तब्धता, जो ऑनलाइन ठगी का शिकार होने के बाद पीड़ित अनुभव करते हैं। उन्होंने छात्रों को डिजिटल लेन-देन में सावधानी बरतने, ओटीपी और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, तथा किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की तुरंत साइबर क्राइम सेल में रिपोर्ट करने की सलाह दी।*

### नुक्कड़ नाटक का किया मंचन

*सत्र को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए अभिनय विभाग के छात्रों ने एक आकर्षक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस 20-मिनट के नाटक को प्रो. विभान्शु ने लिखा और निर्देशित किया। हास्य और गति से भरपूर इस नाटक ने साइबर धोखाधड़ी के आम तरीकों और उनके पीड़ितों की स्थिति को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। नाटक को दर्शकों की जोरदार सराहना मिली और यह सामाजिक जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ। इस आयोजन का समन्वय छात्र कल्याण प्रमुख श्री विनय कुमार, युवा मामलों के निदेशक दुश्यंत, तथा वास्तुकला विभागाध्यक्ष डॉ. अजय बहू जोशी के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. अजय कौशिक और रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक जैसी वरिष्ठ संकाय सदस्य भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने इस समसामयिक विषय पर छात्रों को शिक्षित करने के प्रयासों की सराहना की।*